राजस्थान सरकार

निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर

क्रमांकः– एफ.2 (क) (O–133) अलेसे–I/ 180 दिनांकः– 11/05/2022

## आदेश

विभागीय आदेश संख्या 27/2021–22 दिनांक 30.09.2021 के द्वारा श्री ओम प्रकाश जांगिड़, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I का स्थानान्तरण कार्यालय खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मलसीसर (झुंझुनूं) से कार्यालय अधिशाषी अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड नवलगढ़ (झुंझुनूं) में सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II के पद पर किया गया था, जिसके कम में श्री जांगिड़ ने दिनांक 04.10.2021 को कार्यालय अधिशाषी अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड नवलगढ़ (झुंझुनूं) में कार्यग्रहण किया, परन्तु उक्त कार्यालय में पूर्व से पदस्थापित श्री रामस्वरूप गौरा, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I को कार्यमुक्त नहीं किया गया एवं तत्पश्चात् श्री गौरा द्वारा माननीय सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर से स्थानान्तरण आदेश के विरूद्ध स्थगन आदेश प्राप्त करने के कारण उक्त कार्यालय से श्री जांगिड़ के वेतन का भुगतान नहीं किया गया। तत्पश्चात् विभागीय आदेश संख्या 552/2021–22 दिनांक 09.02.2022 के द्वारा श्री जांगिड़ का स्थानान्तरण कार्यालय प्राचार्य, श्री राधेश्याम आर मोरारका राजकीय महाविद्यालय, नवलगढ़ (झुंझुनूं) में किया गया, जिसकी अनुपालना में श्री जांगिड़ ने दिनांक 12.03.2022 को उक्त महाविद्यालय में कार्यग्रहण कर लिया। इस प्रकार श्री जांगिड का दिनांक 01.10.2021 से 28.02.2022 तक का वेतन आहरण संभव नहीं हो सका।

अतः उपरोक्तानुसार श्री जांगिड़ के निम्न कॉलम संख्या 5 में अंकित अवधि के बकाया वेतन का भुगतान कॉलम संख्या 04 में अंकित कार्यालय में रिक्त रहे सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I के पद से आहरण की स्वीकृति एतद् द्वारा प्रदान की जाती है:–

| क्र. सं. | लिंक नं. | नाम/पदनाम | विभाग/कार्यालय जहां से वेतन भुगतान किया जाना है | अवधि/माह जिसका वेतन भुगतान किया जाना है |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. | 3775 | श्री ओम प्रकाश जांगिड़, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I | प्राचार्य, श्री राधेश्याम आर मोरारका राजकीय महाविद्यालय, नवलगढ़ (झुंझुनूं) | दिनांक 01.10.2021 से 28.02.2022 तक (कुल 5 माह) |

(भूपेश माथुर)
निदेशक

क्रमांकः– एफ.2 (क) (O–133) अलेसे–I/ 180 दिनांकः– 11/05/2022

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है –

1. कोषाधिकारी, झुंझुनूं।
2. प्राचार्य, श्री राधेश्याम आर मोरारका राजकीय महाविद्यालय, नवलगढ़ (झुंझुनूं)।
3. श्री ओम प्रकाश जांगिड़, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I, कार्यालय प्राचार्य, श्री राधेश्याम आर मोरारका राजकीय महाविद्यालय, नवलगढ़ (झुंझुनूं)।
4. उप निदेशक (एसीपी) को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
5. निजी सचिव, निदेशक महोदय।
6. निजी पत्रावली/गार्ड फाईल।

(धीरज सिसोदिया)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–I)